# सैनिक स्कूल में एयर मार्शल ने कैडेट्स को अनुशासन के लिए किया प्रेरित

## एयर मार्शल मणिकांतन ने रीवा पहुंचने के लिए खुद उड़ाया अपना हेलीकाप्टर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, एयर मार्शल बी. मणिकांतन, पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, अध्यक्ष स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड सैनिक स्कूल रीवा एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ मध्य वायु कमान ने सैनिक स्कूल रीवा का दौरा किया.**

उन्होंने रक्षा बलों के लिए नेतृत्व प्रदान करने की स्कूल की गौरवशाली विरासत की सराहना की और कैडेट्स को मजबूत चरित्र के प्रति अडिग रहने तथा अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया.



एयर मार्शल बी. मणिकांतन ने स्वयं हेलिकॉप्टर उड़ाकर रीवा पहुँचकर एक मिसाल कायम की. उनका यह कदम कैडेटो को एक नया आयाम प्रदान करेगा.एयर मार्शल का आगमन दिनांक 10 अप्रैल 2026 को प्रात: 10:30 बजे विद्यालय के हेलिपैड पर हुआ. आगमन उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. तत्पश्चात उन्होंने कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया. इसके उपरांत विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय में संचालित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य हेतु प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया.विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया.

### अनुशासन, समर्पण व राष्ट्रप्रेम की दी सीख

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को रक्षा सेवाओं में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की . कार्यक्रम के समापन पर कर्नल अविनाश रावल, वीएसएम, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया .



# भटकते हुए गौशाला में घुसा मृग छौना

## वन अमले के पहुंचने से पहले भाग निकला

नवभारत न्यूज

**सतना 10 अप्रैल. जंगल से भटकते हुए गांव की ओर निकला मृग छौना वहां पर स्थित एक गौशाला में प्रवेश कर गया. हलांकि गृहस्वामी द्वारा उसे सुरक्षित आश्रय देते हुए वन विभाग को सूचना दे दी गई. लेकिन वन अमले के पहुंचने से पहले ही मृग छौना वहां से भाग निकला.**

जिले के उचेहरा क्षेत्र वार्ड क्र. 13 के निवासी इंद्रजीत सिसोदिया गहरी नींद में सो रहे थे. देर रात उनका कुत्ता अचानक जोर जोर से भौंकने लगा. जिसे सुनकर इंद्रजीत की नींद खुल गई. कुत्ते के भौंकने को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आस पास नजर डालनी शुरु की. लेकिन जैसे ही वे निकट स्थित गौशाला में पहुंचे तो वहां पर हिरण के बच्चे को देख वे आश्चर्यचकित रह गए. बाहर कुत्तों के हमले के डर को देखते हुए उन्होंने हिरण के बच्चे को गौशाला में सुरक्षित कर दिया. इसी कड़ी में भोर होते ही घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई. लेकिन वन अमले के पहुंचने से पहले ही हिरण का बच्चा वहां से भाग निकला. माना जा रहा है कि जंगल से होकर जिस रास्ते से भटकता हुआ वह गावं तक पहुंचा होगा. उसी रास्ते से वह वापस जंगल की ओर लौट गया होगा. गौरतलब है कि उचेहरा जनपद के अंतर्गत 16 पंचायतें पठारी अंचल में आती हैं. जिनसे पन्ना का जंगल भी लगा हुआ है. जिसके चलते जंगल से होते हुए कभी तेंदुआ तो कभी भालू जैसे वन्य जीव यहां तक आ जाते हैं.

# सशक्त वाहिनी की 4 बेटियां आरक्षक पद पर चयनित

## 19 बेटियों का अब तक हो चुका पुलिस तथा अन्य विभागों में चयन

नवभारत न्यूज

**सतना 10 अप्रैल. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सशक्त वाहिनी अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जिले की 4 बेटियों का मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन हुआ है।**

चयनित बेटियों में मारुति नगर की अंकिता दहिया, सतना की स्वाति रवि, खेरिया कोठार (सोनौरा) की ज्योति सिंह और कारीगोही, सतना की पिंकी सिंह शामिल हैं। इनकी सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। इन बेटियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सशक्त वाहिनी अभियान के तहत मिली नि:शुल्क कोचिंग ने इनके सपनों को नई दिशा दी और पुलिस सेवा में जाने का मार्ग प्रशस्त किया।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजीव सिंह ने बताया कि माह अक्टूबर 2017 से मार्च 2026 तक कुल 17 बैंच का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आई बालिकाओं ने कक्षाओं में शामिल होकर नि:शुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त किया।

अब तक कुल 19 बालिकायें पुलिस विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में चयनित हो चुकी हैं। जबकि 12 बालिकायें म0प्र0 पुलिस की आरक्षक परीक्षा में उत्तीर्ण कर चयनित होने में सफल हुई है। अब तक चयनित 19 बालिकाओं में से रीना लोधी का आरपीएफ सोनम वर्मा का सीआरपीएफ साक्षी पाण्डेय बीएसएफ नेहा मिश्रा तथा अंदना कुशवाहा का दिल्ली पुलिस, लवली तिवारी जेल प्रहरी, अंशु कुशवाहा आईटीबीपी, नेहा सिंह, शिवानी गुप्ता, महक कुशवाहा, सिंजनी पटेल, संक्रांता सिंह, अंकिता दहिया, स्वाति रवि, ज्योति सिंह तथा पिंकी सिंह का चयन म.प्र. पुलिस में आरक्षक पद पर हुआ है। इसी प्रकार सुधा कुशवाहा का इण्डियन रेल्वे, भावना शुक्ला का पैरामेडिकल स्टाफ तथा समीक्षा सिंह शिक्षा विभाग में चयनित हुई है।

### कलेक्टर ने अभियान से जुड़े अधिकारियों की पीठ थपथपाई

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और अभियान से जुड़े अधिकारियों ने सभी चयनित बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

# कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण आज सागर में

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल। भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को दोपहर बारह बजे सागर के अटल पार्क परिसर में होने जा रहा है।**

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व राजनेता रघु ठाकुर की पहल से नगरपालिका निगम ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापना के लिए अटल पार्क में स्थान सुरक्षित किया है। प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष व प्रसिद्ध पत्रकार रामबहादुर राय , भारत सरकार के जलशक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की उपस्थिति में होगा। समारोह की अध्यक्षता रघु ठाकुर करेंगे।

# मोटर साइकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

**रीवा, 10 अप्रैल,** विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत तेज रफ्तार मोटर साइकल ने एक वृद्ध को ठोकर मार दी. ठोकर इतनी तेज थी कि वृद्ध दूर जा गिरा और सिर में गंभीर चोट आई. आनन-फानन वृद्ध को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया. बुलेट मोटर साइकल सवार ने बोदाबाग में वृद्ध को ठोकर मारी, ठोकर इतनी तेज थी कि वह दूर जा गिरा साथ ही मोटर साइकल सवार भी गिर गया. जिसे स्थानीय लोगो ने पकड़ लिया और घायल वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया गया जहा मृत घोषित कर दिया गया.

# कांग्रेस पार्टी ने नगर पालिक निगम दफ्तर का किया घेराव

## किसानों समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण ने नपानि के साथ-साथ किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर आज शुक्रवार को नपानि दफ्तर के समीप धरना देते हुये घेराव कर महामहिम राज्यपाल के नाम 16 सूत्रीय मांग पत्रों का ज्ञापन सौपा है।**



ज्ञापन में मुख्य रूप से नगर निगम में निर्माण कार्य में अनियमितता समेत सीवरेज लाइन के चलते आये दिन हो रही दुर्घटनाओं समेत अन्य नगरीय क्षेत्र के समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष ग्रामीण सरस्वती सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, संध्या सिंह, रूपेश चन्द्र पाण्डेय, प्रेमप्रकाश सिसोदिया, रेनू शाह, देवेन्द्र पाठक, सूर्या दुबे समेत तमाम कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन को संबोधित कर प्रदेश एवं जिला सरकार को आड़े हाथों लेते हुये ननि माहपौर के खिलाफ जमकर हमला बोला। वहीं कांग्रेसियों ने सबसे ज्यादा महापौर रानी अग्रवाल को निशाने पर लिया। आरोप लगाया कि नगर निगम में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी हो रही हैं। वहीं कांग्रेसियों ने किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर कहा कि अभी तक गेहूँ उपार्जन में बिलम्ब हो रहा है। इसे तत्काल शुरू किया जाए। बैंक ऋण अदायगी की तिथि आगे बढ़ाई जाए। इसके अलावा अन्य मांगे शामिल है। कार्यक्र का संचालन सुरेश दुबे ने किया। धरना प्रदर्शन में ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, रामशिरोमणि शाहवाल, अशोक सिंह पैगाम, जिला संगठन महामंत्री संकठा सिंह चौहान बबलू, शेखर सिंह, मनोज शाह, मनोज दुबे, मो. शाहिद खान, रामसकल, राजेश सिंह सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# रामपुर में आयोजित हुआ भाजपा का गांव चलो-बस्ती चलो कार्यक्रम

## रामपुर विधायक विक्रम सिंह विक्की ने लगाई चौपाल

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के माध्यम से रामपुर बघेलान में विधायक विक्रम सिंह विक्की की मौजूदगी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने चौपाल लगाकर पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता अवगत कराया !**




जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे के मार्गदर्शन में चल रही रथ यात्रा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओ के समर्पण के दम पर हम सबसे ब? राजनैतिक दल के रुप मे काम कर रहे है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सुशासन और देश के विकास मे भाजपा का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यकर्ताओ की मेहनत की दम पर ही आज हमारा दल विश्व के सबसे ब? राजनैतिक दल है। उन्होने कहा कि 1980 मे जब पार्टी का गठन हुआ तक यह किसी ने नही सोचा था कि आने वाले समय मे हम इतनी ब?ी ऊंचाइयों को छुयेगें। पार्टी के नीव के पत्थरो ने संगठन की जो मजबूत इमारत तैयार की है इसे कभी भुलाया नही जा सकता है। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह ने रथ को हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया !

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, भाजपा आईटी जिला संयोजक शिवांक त्रिपाठी,मंडल उपाध्यक्ष विजय नाथ त्रिपाठी, मंडल महामंत्री डिम्पल सिंह , मंडल मंत्री बृजेश सिंह,बूथ अध्यक्ष अभय त्रिपाठी,व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक सुंदर गुप्ता,अरुण सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय, रामायण दुबे सहित ब?ी संख्या में

# सड़क हादसा में पिता गंभीर, बेटी बची

नवभारत न्यूज

**सीधी, 10 अप्रैल. जिले के खड्डी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम धनहा में गुरुवार रात करीब 10 बजे दुर्गा मंदिर के पास चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के समीप एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे पिता-पुत्री को टक्कर मार दी।**

इस घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी मासूम बेटी की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार राहुल केवट अपनी बेटी के साथ आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के पास से गुजरते हुए अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ऋषि कोल नशे की हालत में अपनी बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल केवट के पैर



में दो जगह फ्रैक्चर हो गए और वे लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद वहां चल रहा नाच-गाना रुक गया और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल राहुल को तत्काल रामपुर नैकिन अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रीवा रेफर कर दिया है। बाइक चालक ऋषि कोल को भी मामूली चोटें आई हैं।

### इनका कहना है

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक के संबंध में जानकारी जुटाई है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत मिलने के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नीरज साकेत**
चौकी प्रभारी खड्डी

# उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में 10 इंच के दो प्रोफेशनल टेलीस्कोप स्थापित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। जिले के सितारे दूरबीन द्वारा देखेंगे चॉद तारे उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में छात्रों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने के लिए 10 इंच प्रोफेशनल टेलीस्कोप स्थापित किया गया है।**

आईआईएसईआर संस्था द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में यहां स्थापित किया गया, जीएसओ 10 इंच प्रोफेशनल डोबसनियन टेलीस्कोप खगोल विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अडानी सीएसआर के सहयोग एवं भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तकनीकी परामर्श से मार्गदर्शन से विद्यालय में स्थापित इस टेलीस्कोप का दो वर्ष तक रखरखाव भी भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किया जायेगा। उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न एवं कन्या विद्यालय



में आधुनिक टेलीस्कोप स्थापना का शुभारंभ कार्यक्रम राज्यमंत्री राधा सिंह के उपस्थित एवं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर गौरव बैनल, जिपं सीईओ जगदीश गोमे के विशिष्ट उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, उपसंचालक शिक्षा विभाग कविता त्रिपाठी सहित विद्यालय के प्रचार्य एवं छात्र-छात्रा मौजूद रहे।









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99